मेरे राम दुलारे बजरंगी तेरा डंका जग में बाज रहा

मेरे राम दुलारे बजरंगी तेरा डंका जग में बाज रहा,
ओ माँ अंजनी के लाला जी तेरा डंका जग में बाज रहा,
मेरे राम दुलारें बजरंगी.....

तुम सबके संकट हरते हो और इच्छा पूरी करते हो,
जो खाली दर पे आता है तुम झोली उसकी भरते हो,
हो लाल लंगोटे वाले तुम और काँधे पे गदा है साज रहा,
मेरे राम दुलारें बजरंगी....

राम दुवारे तुम रखवारे दुनिया तुमको कहती है,
जिस घर में तेरी ज्योत जले खुशियाँ उस घर में रहती है,
शंकर के तुम अवतारी हो और माथे पे मुकुट विराज रहा,
मेरे राम दुलारें बजरंगी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20086/title/mere-ram-dulare-bajrangi-tera-danka-jag-me-baaj-raha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |